# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

## ।। आवश्यक सूचना ।।

### (विज्ञापन संख्या–08 / 2025)

### Regarding Document Verification

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन संख्या **08 / 2025** {PR No. 11390 (B&C) D.2025-26 एवं {PR No. 11391 (B&C) D.2025-26 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राज्य के सभी Health Sub Centers (HSC), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जनमानस को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ एवं सफल संचालन के निमित्त **ANM** के संविदागत 5006 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का Computer Based Test (CBT) दिनांक– 17 / 12 / 2025, 18 / 12 / 2025 एवं 19 / 12 / 2025 को राज्य के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी।

CBT में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कोटिवार रिक्ति के अनुसार मेधा क्रम में अधिकतम **1:1.5** के अनुपात में प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया है। प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की सूची (आवेदन / निबंधन संख्या के क्रम में) राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के बेवसाईट **https://shs.bihar.gov.in** पर प्रकाशित है। उक्त प्रकाशित सूची पूर्णतः औपबंधिक है। प्रमाण–पत्र सत्यापन में सफल अभ्यर्थियों को ही अंतिम मेधा सूची में कोटिवार रिक्ति तथा राज्य सरकार द्वारा वर्त्तमान में लागू प्रचलित आरक्षण नियमों के अनुसार चयनित किया जायेगा।

प्रमाण–पत्र सत्यापन (Document Verification)/Counseling के लिए तिथि, समय एवं स्थान का निर्धारण निम्नवत् किया गया है :–

| | |
|---|---|
| **तिथि :–** | **27 जनवरी, 2026 से 03 फरवरी, 2026 तक** |
| **समय :–** | **पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक** |
| **स्थान :–** | **राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (SIHFW), शेखपुरा, पटना–14** |

| पद का नाम | कुल विज्ञापित पद | अभ्यर्थियों की कुल संख्या | प्रकाशित सूची के अनुसार अभ्यर्थियों की क्रम संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 27.01.2026 | | 28.01.2026 | | 29.01.2025 | | 30.01.2026 | |
| | | | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) |
| **ANM** | **5006** | **7780** | 1 - 486 | 487 - 972 | 973 - 1459 | 1460 - 1945 | 1946 - 2432 | 2433 - 2918 | 2919 - 3405 | 3406 - 3891 |
| | | | 31.01.2026 | | 01.02.2026 | | 02.02.2026 | | 03.02.2026 | |
| | | | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) | Batch-I (10AM-1PM) | Batch-II (2PM-5PM) |
| | | | 3892 - 4378 | 4379 - 4864 | 4865 - 5351 | 5352 - 5837 | 5838 - 6324 | 6325 - 6810 | 6811 - 7297 | 7298 - 7780 |

ANM पद हेतु अभ्यर्थियों का Document Verification/ Counseling दिनांक– 27.01.2026, 28.01.2026, 29.01.2026, 30.01.2026, 31.01.2026, 01.02.2026, 02.02.2026 एवं 03.02.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक दो पाली में निर्धारित किया गया है। पहले चरण (Morning) में आने वाले अभ्यर्थियों का Registration Time 09:30AM एवं दूसरे चरण (Afternoon) में आने वाले अभ्यर्थियों का Registration Time 01:30PM निर्धारित है। अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

(1) उक्त पद के अभ्यर्थी उपर्युक्त निर्धारित तिथि को वेबसाईट पर प्रकाशित सूची के क्रमानुसार स्वयं उपस्थित होकर प्रमाण–पत्र सत्यापन करायेंगे।

(2) प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होना अभ्यर्थी की स्वयं की जिम्मेवारी होगी।

उपर्युक्त आरक्षण संबंधी सभी प्रमाण–पत्र मूल रूप में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के समक्ष प्रमाण–पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

- दिव्यांगता तथा स्वतंत्रता सेनानियों के नाती/नतिनी/पोता/पोती से संबंधित आरक्षण का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार से निर्गत वैद्य प्रमाण–पत्र।
- विभागीय कर्मी के रूप में उम्र सीमा में छूट प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का सक्षम प्राधिकार से निर्गत कार्यानुभव प्रमाण–पत्र।
- किसी भी प्रकार की त्रुटि/भिन्नता होने पर आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
- विज्ञापन में उल्लेखित प्रमाण–पत्र से संबंधित सभी नियमों का पालन करना आवेदक की स्वयं की जिम्मेवारी होगी।

(5) यदि कोई अभ्यर्थी Document Verification में उपरोक्त वर्णित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं तो इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों की अर्हता के संबंध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए समिति स्वतंत्र होगी।

(6) **योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने ऑनलाईन आवेदन में किया है।** आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव हेतु **Cut-off date-01.08.2025** निर्धारित की गयी है। विस्तृत निदेश की कंडिका– 15 (xiv) के आलोक में उक्त सभी प्रमाण–पत्र/अंक पत्र आवेदन भरने की अंतिम तिथि यथा **28/08/2025** तक निर्गत होना आवश्यक है।

(7) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि Counselling से संबंधित अद्यतन जानकारी वेबसाईट– **https://shs.bihar.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं। उक्त वेबसाईट निरंतर देखना अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी है। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त नहीं होती है तो उसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार जिम्मेदार नहीं होगी।

(8) Document Verification/ Counseling में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का TA/DA देय नहीं होगा।

(9) Document Verification के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का उक्त बिन्दु पर निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

(10) Document Verification से संबंधित पृच्छाओं के जवाब/जानकारी हेतु Control Room के फोन नंबर **8544421978** पर संपर्क किया जा सकता है।

**(राजेश कुमार)**
प्रशासी पदाधिकारी–सह–
प्रभारी, मानव संसाधन

कोई भी व्यक्ति चाहे वह सरकारी अथवा गैर–सरकारी वाह्य व्यक्ति हो, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार कार्यालय को सूचित करें। ऐसे किसी तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।